# सीरियल रानी को ब्याह कर ले गए | By Divyashakti

ओ मेरे गोगा जी की देखो चतुराई
इसके मन में समाई श्रियल रानी
देखो रे इसे व्याह के ले गया

गोगा जी ने श्रियल जी की किस्मत खोल दी
रानी बनाऊं तुझे बात सच्ची बोल दी
वो देखो शादी की करे तैयारी
सब देखते रहे दरबारी
के रानी को व्याह के ले गया

बैठ गए घोड़े ऊपर ध्वजा लेके हाथ में
गोरख संग चेले सारे चले हैं बारात में
चले बड़े बड़े योद्धा बलकारी
संग जेवर की सेना सारी
श्रियल रानी को व्याह के ले गया

आधे फेरे पहले लिए आधे फिर बाद में
रानी की विदाई हुई गोगा जी के साथ में
हो आशीर्वाद सब देते बारी बारी
हो झूमे बाछल संग सारे नर नारी
ये गोगा बहु लेके आ गया
देखो रे इसे व्याह के लिए गया
के रानी को व्याह के ले गया
हो मेरे गोगाजी की देखो ...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%80%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%b2-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b9-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b2%e0%a5%87/